Krishna Unka Naam Hai Lyrics हिंदी में - दिल छू लेने वाला कृष्ण भजन

https://hindisanatan.com/

समय हो तो बलवान पर,
जो समय से भी बलवान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

द्वापर के जो श्याम है,
त्रेता के वह राम है,
कृष्ण उनका नाम है।।

कृष्ण-कृष्ण जो भी पुकारे,
कौन उसके ताज बिगाड़े,
कृष्ण-कृष्ण जो भी पुकारे,
कौन उसके ताज बिगाड़े।।

स्वयं ही है जो नारायण,
वैकुंठ जिनका धाम है,
कृष्ण उनका नाम है।।

समय हो तो बलवान पर जो,
समय से भी बलवान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

धर्म के साथ जो चल रहा वो,
कृष्ण के साथ ही चल रहा है,
देख सको तो देख लो कैसे,
संकट स्वयं ही टल रहा है।।

दूसरों को छल रहा जो,
स्वयं को ही वो छल रहा है,
माया में जो उलझे हैं वो,
हृदय को उसके बदल रहा है।।

जिसकी कृपा अन्नत है वो,
सबके कृपा निधान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

समय हो तो बलवान पर जो,
समय से भी बलवान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

धूप की किरणें गिन ले कोई,
तेरे गुणों को कैसे गिने,
तुझसे ही सब जन्म है पाते,
तुझ में ही सब आके मिले।।

कण कण जगत का जिनसे बना है,
जिनसे बना सूरज चंद्रमा है,
मुख में जिनकी सृष्टि है सारी,
लीला करते है वो मुरारी।।

सबके हैं वो पालनहारे,
नाथ हमारे नाथ हमारे,
जगती जिनकी माया है,
वो सकल ब्रह्म भगवान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

समय हो तो बलवान पर जो,
समय से भी बलवान है,
कृष्ण उनका नाम है।।

Lyrics https://Hindisanatan.com